# सऊदी ने मक्का, काबा समेत अन्य जगहों पर विदेशियों की एंट्री रोकी

## दुनिया के कई देशों में फैल चुका कोरोना वायरस का संक्रमण

**कोरोना का डर**

अब मुस्लिमों के पवित्र तीर्थस्थलों की यात्राओं पर भी पड़ा असर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। कोरोना के डर से सालाना हज से कुछ महीने पहले सऊदी अरब के पवित्र स्थलों की यात्रा भी प्रभावित हुई है। दरअसल, संक्रमण की आशंका को देखते हुए सऊदी सरकार ने गुरुवार को पवित्र स्थलों की यात्रा पर रोक लगा दी। आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में कोरोना वायरस के 240 से अधिक मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। सऊदी के मुताबिक, इस फैसले का उद्देश्य विदेशी नागरिकों को पवित्र शहर मक्का और काबा जाने से रोकना है, जिस ओर मुंह करके दुनियाभर के मुसलमान एक दिन में पांच बार की नमाज अदा करते हैं।

पैगम्बर की दरगाह जाने पर रोक सऊदी प्रशासन ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि मदीना में पैगम्बर



मोहम्मद की मस्जिद की यात्रा पर भी रोक रहेगी। सऊदी में कोरोना का अब तक कोई मामला नहीं आया है, लेकिन अधिकारियों ने वायरस से प्रभावित देशों को टूरिस्ट वीजा देने पर रोक लगा दी है। यह घोषणा सऊदी अरब में महामारी के संभावित प्रसार को लेकर उसकी चिंता दर्शाती है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बताया, सऊदी इस वायरस के प्रसार पर रोक के उपाय के तहत सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करेगा। हम अपने नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे कोरोना वायरस से प्रभावित देशों की यात्रा से पहले एहतियात बरतें। मंत्रालय ने कहा, हम लोग अल्लाह से पूरी इंसानियत को इस नुकसान से बचाने की दुआ मांगते हैं।

**पश्चिम एशिया में कोरोना का कैसा है असरः** पश्चिम एशिया में कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित देश ईरान है, जहां इस वायरस के 141 प्रभावितों में से 22 लोगों की मौत हो चुकी है। तेल बहुल छोटे से देश कुवैत में भी वायरस से संक्रमण के मामलों में अचानक तेजी आई है और इससे संक्रमित लोगों की संख्या गुरुवार को 26 से बढ़कर 43 हो गई है। पीड़ित सभी लोग हाल में ईरान से यात्रा कर लौटे थे।

उधर, बहरीन में गुरुवार सुबह वायरस से संक्रमण के 33 मामलों की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने इराक और लेबनान से आने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी है। उसने दुबई और संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह से आने वाली उड़ानों पर भी प्रतिबंध में 48 घंटे का इजाफा किया है।

ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी ने कहा कि शहरों को बंद करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि ईरान में वायरस पर नियंत्रण पाने में श्यक, दो या तीन हफ्तेश लग सकते हैं। इन सभी का संबंध ईरान से है।

## न्यूज डायरी



### फ्लॉरिडा में 50 साल बाद दिखा सतरंगी सांप, आसानी से नहीं आते हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लॉरिडा। सांप...नाम सुनते ही सामने काले रंग और फन फैलाई तस्वीर आ जाती है। लेकिन इन दिनों फ्लॉरिडा में सतरंगी सांप मिलने से लोग उत्साहित हैं। सतरंगी सांप पृथ्वी पर वजूद में तो पहले से है, लेकिन अमेरिका के फ्लॉरिडा राज्य के एक क्षेत्र में ये 50 साल बाद देखा गया है। यह रंग–बिरंगा सांप फ्लॉरिडा के जंगलों में पिछले हफ्ते मिला है। इसका मिलना खास इसलिए है क्योंकि पिछले 50 सालों में ऐसा सांप पहली बार उस इलाके में देखा गया है। जंगलों में ट्रैकिंग पर निकलीं ट्रेसी को यह सांप दिखा था। मिली जानकारी के मुताबिक, सांप 4 फुट लंबा था। इसपर मौजूद रंग–बिरंगी धारियां इसे खास बनाती हैं। यह सांप फ्लॉरिडा के ओकला नैशनल फॉरेस्ट में था। यह जगह फ्लॉरिडा के ओरलैंडो शहर के पास है।

### कोरोना वायरस से चीन में मरने वालों की संख्या 2,744 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में महामारी बन चुके कोरोना वायरस से बुधवार को 29 और लोगों की मौत से इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,744 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बताया कि 29 जनवरी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब इस विषाणु से एक दिन में इतने कम लोग मारे गए हैं। इससे पहले 29 जनवरी को कोरोना वायरस के कारण 26 लोग मारे गए थे। आयोग ने बताया कि बुधवार को इसके 433 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 24 के अलावा सभी हुबेई प्रांत में सामने आए हैं, जिसकी राजधानी वुहान से पिछले साल दिसम्बर से यह वायरस फैलना शुरू हुआ था। देश में अभी इसके कुल 78,500 मामले हैं। इसके नए मामलों में पिछले कुछ सप्ताह से हालांकि गिरावट आ रही है। हुबेई में अब भी इसका प्रकोप जारी है लेकिन चीन के बाकी शहरों में धीरे–धीरे जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। फिलहाल सभी स्कूल बंद हैं।

### लाखों डॉलर की घड़ियां चुराने पर भारतीय को एक साल की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई में एक नामी दुकान से 20 लाख डॉलर से ज्यादा की 86 महंगी घड़ियां चुराने के अपराध में एक भारतीय को एक साल की सजा सुनायी गयी । सफाईकर्मी का काम करने वाले 26 वर्षीय व्यक्ति को बुधवार को दुबई की एक अदालत ने दोषी करार दिया । 'खलीज टाइम्स' की खबर के अनुसार उसपर घड़ियों और आभूषण की दुकान से 86 महंगी घड़ियां चुराने का आरोप था । इस व्यक्ति ने उसी दुकान में चोरी की, जहां पर वह काम करता था । चुराई गयी घड़ियां रखने के जुर्म में दो पाकिस्तानी लोगों को दोषी ठहराया गया। दोनों फरार चल रहे हैं । सुनवाई के दौरान उनकी अनुपस्थिति में दोनों को एक–एक साल की सजा सुनायी गयी । अदालत ने तीनों को जेल की सजा के बाद वापस भेजने का आदेश दिया । नैफ थाने में छह जनवरी को चोरी की शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

### अमेरिका में बीयर बनाने की दिग्गज कंपनी में गोलीबारी में कई लोगों की मौत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में बीयर बनाने की बड़ी कंपनी मोल्सन कूर्स के मिलवॉकी परिसर में एक पूर्व कर्मचारी ने गोलीबारी कर दी जिसमें बुधवार को कई लोग मारे गए। खबरों के अनुसार, हमलावर के अलावा छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि हमलावर को कंपनी ने उसी दिन नौकरी से निकाला था। मिलवॉकी के मेयर टॉम बारेट ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से कहा, ''कई लोग मारे गए हैं। मुझे लगता है कि हमलावर भी मारा गया है।'' उन्होंने कहा, ''यह कर्मचारियों के लिए भयानक दिन है।'' उन्होंने स्थानीय निवासियों से इलाके से दूर रहने का अनुरोध किया। एबीसी न्यूज समेत अमेरिकी मीडिया ने बताया कि बीयर की इस दिग्गज कंपनी ने हमलावर को नौकरी से निकाल दिया था जिसके बाद यह घटना हुई।

## भारत अद्भुत देश और मोदी महान नेता, भारत–अमेरिका संबंध अभी बहुत खास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध अभी बहुत श्खासश हैं और एशियाई देश की उनकी पहली यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में काफी प्रगति की गई। ट्रंप ने बुधवार को भारत से लौटने के बाद यहां पत्रकारों से कहा, वह (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) सज्जन व्यक्ति, महान नेता हैं। यह अद्भुत देश है। राष्ट्रपति ट्रंप 24 से 25 फरवरी को भारत यात्रा पर गए थे। उनके साथ प्रथम महिला मेलेनिया ट्रंप, बेटी इवांका ट्रंप, दामाद जारेड कुश्नर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ'ब्रायन समेत उनके प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी आए थे। ट्रंप ने कहा, हमसे बहुत–बहुत अच्छा व्यवहार किया गया और हमें बहुत मजा आया। संबंधों के लिहाज से काफी प्रगति हुई –भारत के साथ हमारा रिश्ता अभी बहुत खास है। ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, श्हम भारत के साथ काफी व्यापार करने जा रहे हैं, वे अमेरिका को अरबों डॉलर भेज रहे हैं।

भारत से लौटने के बाद इवांका ने गर्मजोशी से भरी मेहमाननवाजी के लिए मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा, हम आपके खूबसूरत देश गए और अमेरिका और भारत की ताकत और एकता का जश्न मनाया।



अमेरिका लौट ताजमहल की यादों में खोया ट्रंप परिवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भारत आईं बेटी इवांका ट्रंप अपने देश लौट चुकी हैं। यहां से वह साथ लेकर गई हैं कई खूबसूरत लम्हे, जिन्हें उन्होंने तस्वीरों के रूप में अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर किया है। तस्वीर में इवांका के साथ उनके पति जेरेड कुशनर भी दिख रहे हैं। दोनों से प्यार की इस निशानी के सामने हाथ पकड़कर यह तस्वीर खिंचवाई है, जिसमें इवांका ताज की खूबसूरती को निहार रही हैं। फोटो के साथ इवांका ने लिखा, शुक्रिया भारत।

## दिल्ली हिंसा पर अमेरिका में भी सियासत सैंडर्स ने ट्रंप पर लगाया नकामी का आरोप

अन्य प्रभावशाली सीनेटरों ने भी की घटनाक्रमों पर चिंता जताई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। नई दिल्ली में हिंसा को लेकर अमेरिका में भी सियासत शुरू हो गई है। अमेरिकी सांसदों के भारत की राजधानी नई दिल्ली में हिंसा पर तीखी प्रतिक्रिया करने के एक दिन बाद डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बर्नी सैंडर्स ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर मानवाधिकारों के मुद्दे पर नाकाम रहने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना करते हुए सैंडर्स ने कहा कि ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान नयी दिल्ली में हिंसा के संबंध में उनका बयान नेतृत्व की नाकामी है। भारत की यात्रा के दौरान हिंसा की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था, जहां तक व्यक्तिगत हमलों का सवाल है तो मैंने इसके बारे में सुना लेकिन उनके (मोदी) साथ चर्चा नहीं की। यह भारत का मामला है।

इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया करते हुए सैंडर्स ने बुधवार को ट्वीट किया, 20 करोड़ से अधिक मुसलमान भारत को अपना घर कहते हैं। व्यापक पैमाने पर मुस्लिम विरोधी भीड़ की हिंसा में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ट्रंप ने यह कहकर जवाब दिया कि यह भारत का मामला है। यह मानवाधिकारों पर नेतृत्व की नाकामी है। सैंडर्स संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हिंसा के खिलाफ बोलने वाली सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन के बाद डेमोक्रेटिक पद के दूसरे प्रत्याशी हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अलावा अन्य प्रभावशाली सीनेटरों ने भी बुधवार को घटनाक्रमों पर चिंता जताई।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मार्क वार्नर और जीओपी के जॉन कोर्निन ने एक संयुक्त बयान में कहा, श्हम नई दिल्ली में हालिया हिंसा से चिंतित हैं। हम अपने महत्वपूर्ण दीर्घकालिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए चिंता के अहम मुद्दों पर मुक्त संवाद का समर्थन करते रहेंगे।

## मिग–21 से गिराया था एफ–16 फाइटर जेट, पाक को एक साल बाद भी याद आ रहे अभिनंदन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पाकिस्तान एक साल बाद भी पूरी शिद्दत से याद कर रहा है। यही नहीं अब तक पाक ने उनकी चाय की कप संभाल रखी है जिसमें उन्होंने चाय पी थी। जिस तरह के विडियो पाक मीडिया में चल रहे हैं उससे तो ऐसा ही लग रहा है। पाकिस्तानी पत्रकार नायला इनायत ने एक विडियो शेयर की जिसमें एक रिपोर्टर उस दिन अभिनंदन के लिए चाय बनाने वाले शख्स का इंटरव्यू करते दिख रहें।

विडियो में अनवर अली नाम का शख्स चाय का कप ट्रे में लिए खड़ा और दावा कर रहा है कि उसी में अभिनंदन ने चाय पी थी। रिपोर्ट ने अभिनंदन को चाय पिलाने के अनुभव के बारे में पूछा तो अनवर ने बताया, हमने उनके लिए चाय बनाकर पेश की थी। यह वही कप है। चाय अभिनंदन को पसंद आई और उन्होंने चाय की तारीफ की थी। 27 फरवरी है और एक साल पहले इसी दिन अभिनंदन ने मिग–21 से पाकिस्तान की तरफ से भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले के लिए भेजे गए एफ–16 विमान को मार गिराया था।